# पर्यावरण मित्र
## Friends of Environment

अंक#१५ नवंबर, २०१७

## स्वच्छता अभियान विशेषांक–२



पर्यावरण मित्र
Friends of Environment

## विषय सूची


अध्यक्ष का संदेश ........ 03

**स्वच्छ भारत अभियान**

**जल/भूमि प्रदूषण को कम करने के लिए किए जाने वाले कार्य**

स्वच्छता मिशन अभियान (गांधी जयन्ती) ........ 04
यमुना सफाई अभियान (विश्व जल दिवस) ........ 05
जन–जागरूकता एवं चित्रकला प्रतियोगिता (विश्व पृथ्वी दिवस) ........ 07
जागरूकता एवं प्रोत्साहन कार्यक्रम (धरती के जानलेवा राक्षस 'गंन्दगी और प्लास्टिक) ........ 09
विश्व पर्यावरण दिवस ........ 10
'पालीथिन एवं रसायन मुक्त बालाजी मंदिर' – जन–जागरूकता ........ 11
होली जागरूकता अभियान ........ 12
राधा प्याऊ – जल जागरूकता अभियान ........ 12

**जैविक खेती**

कचरा प्रबन्धन कार्यशाला एवं जैविक किसान सम्मान समारोह (स्थापना दिवस) ........ 13
जैविक मेला–शिकोहाबाद ........ 14
जैविक खेती परियोजना ........ 15
किसान चौपाल ........ 17
बालम खीरा विशेषताएं ........ 17

**वायु/ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए किए जाने वाले कार्यक्रम**

तम्बाकू निषेध अभियान ........ 18
वन महोत्सव–वृक्षारोपण–अभियान 2015 ........ 19
वन दर्शन–जन शिक्षण अभियान ........ 20
दीपावली मे ध्वनि और वायु प्रदूषण जागरूकता ........ 21

**पर्यावरण मित्र**

पर्यावरण मित्र – गतिविधियां, जागरूकता सूची
अभियान और सम्पर्क ........ 22



**अतिरिक्त सुझाव व जानकारी के लिए :**

दीपक औहरी (+91 9759213018) मोहित जार्दोन (+91 9358361489)
अभिषेक श्रीवास्तव (+91 8394894447)
हिन्द लैम्प्स लि. शिकोहाबाद, जिला: फिरोजाबाद (उ.प्र.), 283141
ई–मेल : pmhoskb@gmail.com
Website: www.paryavaranmitra.com

# पर्यावरण मित्र
Friends of Environment

## अध्यक्ष का संदेश



गीला कचरा सूखे से अलग-अलग करें

मुंबई मैराथन २०१७

प्रिय पर्यावरण मित्र,

पर्यावरण मित्र ने इन तेरह वर्षों के सफर में भूमि, वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण के प्रभावों को यथाशक्ति कम करने के लिए एक आन्दोलन की तरह निरन्तर विभिन्न गतिविधियां की हैं।

हमारे कार्यक्रम अभियान में एक सबसे बड़ा प्रयास यह है कि लोगों को स्वच्छता के बारे में अधिक से अधिक जागरूक करना और उनको अपने घर से ही कचरे के व्यवस्थापन के तरीकों के बारे में बताना तथा गीले–सूखे कचरे का जीवन्त प्रशिक्षण देना और उन तरीकों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित करना।

हवा, पानी, भूमि, और ध्वनि प्रदूषण से बचाने के लिए सभी शैक्षणिक संस्थाओं, अभिवावकों तथा शिक्षकों को आगे आकर विद्यार्थियों को जागरूक करना तथा कार्यशालाओं के माध्यम से उनपर निरन्तर कार्य करना होगा। प्रत्येक नागरिक को ***सूखा कूड़ा नीले डस्टबिन में एवं गीला कूड़ा हरे डस्टबिन*** में डालकर कचरा व्यवस्थापना की प्रक्रिया को अपनाना होगा तभी हमारा स्वच्छ भारत का संकल्प सार्थक होगा।

व्यावसायिक उद्योगपतियों को भी प्रकृति से प्रेम करना होगा तथा कारखानों से निकलने वाले प्रदूषणों का नियंत्रण करना होगा। प्रशासन को भी स्वच्छता सम्बन्धी समस्त कार्यों को गंभीरता से लेना होगा, तभी हम अपनी भावी पीढ़ी को एक स्वच्छ एवं समृद्ध भारत की आधारशिला दे सकेंगे।

'पर्यावरण मित्र' आगे भी अपने उद्देश्यों को सार्थक बनाने के लिए कृतसंकल्प रहेगा। जनहित में आपके सहयोग एवं सुझाव के हमेशा मुखापेक्षी हैं।

हरित शुभकामनाओं के साथ,

किरण बजाज

किरण बजाज

# स्वच्छता अभियान

## जल/भूमि प्रदूषण को कम करने के लिए किए जाने वाले कार्य

पर्यावरण मित्र संस्था ने वर्ष 2016 से ' स्वच्छता अभियान ' एक आंदोलन के रूप में लिया है। इसके अंतर्गत जनपद फिरोजाबाद और बटेश्वर में अलग–अलग स्थानों पर श्रमशक्ति अभियान, द्वार–द्वार जागरूकता अभियान, विचारगोष्ठी, स्वच्छता सम्बन्धी प्रशिक्षण, स्वच्छता पर आधारित वॉलपेन्टिंग, दुकानों पर पॉलिथिन निषेध सम्बन्धी सूचना लगवाना और गीले कूड़े के हरे एवं सूखे कूड़े के लिए नीले डस्टबिन रखवाना, इत्यादि कार्य किए।

उपर्युक्त अभियानों में पर्यावरण मित्र ने जनपद की अधिकतर संस्थाओं एवं प्रशासन को अपने साथ जोड़कर सामूहिक कार्य करने का प्रयास किया है। अलग–अलग अवसरों पर अलग–अलग स्वच्छता अभियान चलाए गए। जिनकी रिपोर्ट निम्नवत है।

## गांधी जयन्ती– स्वच्छता मिशन अभियान

2 अक्टूबर 2016 – बेकार सखा, कस्बा (उ.प्र.) में बड़े स्तर पर चलाए गए स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए चार कमेटियों की टीम तैयार की गई जिसने अपने–अपने क्षेत्र को बाँटकर बड़े उत्साह के साथ सफाई कार्य किया। इस सफाई कार्य में **हिन्दलैम्प्स, पर्यावरण मित्र, शब्दम् के पदाधिकारी, स्वयंसेवक, महिलाएं तथा बेकार सखा के नागरिकों** सहित लगभग 100 लोगों ने गांधी जी के बताएं मार्ग पर चलकर अपना विशेष सहयोग एवं श्रम दिया। इस अवसर पर पर्यावरण मित्र ने अर्जुन, केसिया, सिरस के ग्यारह पौधे भी रोपित किए।

दिनांक – 2 अक्टूबर 2016 । स्थान– बेकार सखा कस्बा (उ.प्र.)



सफाई करते संस्था कर्मी।



कचरे को वाहर निकालकर ले जाते स्वयंसेवी।

## विश्व जल दिवस के अवसर पर जन जागरूकता अभियान

'विश्व जल दिवस' के अवसर पर पर्यावरण मित्र ने जल बचाने और उसे गंदा न करने के लिए जन जागरूक अभियान चलाया, जिसमें प्रातः सात बजे से सैकड़ों लोगों की उपस्थित बटेश्वरनाथ मन्दिर स्थित यमुना नदी पर मुख्य मन्दिर से लेकर शमशान घाट तक, घाटों को सफाई की। पॉलिथीन, बेल पत्री एवं कपड़े इत्यादि के कचरे को अलग–अलग किया।

**बटेश्वर स्थित दुकानदार भाइयों ने** एवं बटेश्वर गाँव में रैली के माध्यम से गली–गली, द्वारे–द्वारे पहुँचकर लोगों से सम्पर्क किया और उनको जागरूक किया। इस अभियान में **नदी मित्र मंडली, बटेश्वरनाथ मन्दिर के महन्त, ज्ञानदीप विद्यालय, हिन्दलैम्पस का सहयोग रहा।**

दिनांक – 22 मार्च 2017 एवं 26 मार्च 2017
स्थान– बेकार सखा एवं प्रसिद्ध बटेश्वर नाथ मन्दिर (उ.प्र.)




बटेश्वर बटेश्वर तट – सफाई से पूर्व। सफाई के बाद।




बटेश्वर गाँव में रैली का एक दृश्य।



जल दिवस पर यमुना के घाट निखारे

पर्यावरण मित्र के सदस्यों ने किया लोगों को जागरूक, संकल्प

पर्यावरण मित्र ने चलाया बटेश्वर में यमुना सफाई जनजागरूकता अभियान




बटेश्वर यमुना घाट – सफाई अभियान में सहभागिता करते स्वयं सेवी।

# स्वच्छता अभियान

## जल/भूमि प्रदूषण को कम करने के लिए किए जाने वाले कार्य

## स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ भारत अभियान पखवाड़े का शुभारम्भ **नेहा शर्मा जिलाधिकारी फिरोजाबाद** ने सुभाष तिराहे से लेकर नगरपालिका तक रास्ते में पड़े कूड़े को उठाकर किया। जिसमें नगर के विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों एवं गण्यमान्य लोगों ने भाग लिया।

जिलाधिकारी महोदया ने कहा कि सभी समाजसेवी संगठन एक साथ खड़े होकर इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें और स्वच्छता पखवाड़े को सफल बनायें।

दिनांक– 1 अप्रैल 2017
स्थान – सुभाष तिराहे से नगर पालिका शिकोहाबाद । मुख्य अतिथि – सुश्री नेहा शर्मा जिलाधिकारी फिरोजाबाद, श्री रामप्रकाश नेहरू, नगर पालिकाध्यक्ष शिकोहाबाद।
संयोजन– नगर पालिका शिकोहाबाद, पर्यावरण मित्र, शिवा पर्यावरण मित्र एवं महिला उत्थान सेवा समिति, कल्पतरु ट्रस्ट, भारत विकास परिषद एवं अन्य संस्थाएं।



सड़क पर पड़ी पॉलीथिनों को उठाकर 'प्रधानमंत्री स्वच्छता अभियान' पखवाड़े को गति प्रदान करतीं जिलाधिकारी सुश्री नेहा शर्मा



पर्यावरण मित्र की मिट्टी एवं खाद पत्रिका, ब्रोशर एवं न्यूज लेटर के साथ जिलाधिकारी नेहा शर्मा।



जिलाधिकारी नेहा शर्मा के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सफाई अभियान।

## 'धरती के जानलेवा राक्षस, गंदगी और प्लास्टिक' विषय पर जन–जागरूकता एवं चित्रकला प्रतियोगिता

विश्वपृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में 'धरती के जानलेवा राक्षस, गन्दगी और प्लास्टिक' विषय पर आयोजित साप्ताहिक चित्रकला प्रतियोगिता में उपर्युक्त विद्यालयों के लगभग 360 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रत्येक विद्यालय में प्रथम, द्वितीय, तृतीय विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया एवं प्रतिभागी सभी छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र दिये गये।

चित्रकला प्रतियोगिता : दिनांक– 17 अप्रैल 2017 से 21 अप्रैल 2017
चित्रकला प्रतियोगिता – 1.डिवाइन इण्टरनेशनल एकेडमी, सिरसागंज। 2. ब्राइट स्कॉलर्स एकेडमी, सिरसागंज, 3. आईवी इंटरनेशनल एकेडमी, फिरोजाबाद 4. पालीवाल पब्लिक स्कूल शिकोहाबाद 5. ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल, शिकोहाबाद।


एकाग्रचित होकर पेंटिंग तैयार करतीं छात्राएँ।



प्रतिभागी छात्रों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय।


पेन्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

# स्वच्छता अभियान

## जल/भूमि प्रदूषण को कम करने के लिए किए जाने वाले कार्य

नगर के मुहल्ला रुकनपुर में घर–घर जाकर लोगों को जागरूक किया गया और बताया गया कि वह कचरा एवं गंदगी सड़क पर न फेके तथा कूड़े को नगरपालिका द्वारा निश्चित किए गए डस्टबिन में ही ड़ालें। स्वच्छता कमेटी को बनाया गया जिसमें **सभासद शमीम बाबू को अध्यक्ष, मुहम्मद दाऊद खान को सचिव एवं मागदर्शक मंज़र-उल वासै नियुक्त किए गए।**

जन–जागरूकता : शिकोहाबाद स्थित मुहल्ला रुकनपुर

स्वस्थ शिकोहाबाद | स्वच्छ शिकोहाबाद

**कूड़े को देखकर मत घबरायें।**
**खाद बनाकर प्रयोग में लायें।।**

'पर्यावरण मित्र' द्वारा जनहित में जारी



रुकनपुर मुहल्ले में व्याप्त गंदगी का दृश्य।



सुफाई कर्मी को समझाते हुए मंज़र–उल वासै।



संस्था कार्यकर्ता एवं रजनी यादव द्वारा द्वार–द्वार अभियान।




जागरूकता के दौरान डॉ. अजय कुमार आहूजा एवं कार्यकर्ता ।

## जागरूकता एवं प्रोत्साहन कार्यक्रम

'पर्यावरण मित्र' द्वारा चलाए गए 'धरती के जानलेवा राक्षस 'गंदगी और प्लास्टिक' अभियान के अंतर्गत 18 मई 2017 को जागरूकता और प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रयोगशाला के माध्यम से जिलाधिकारी, गण्यमान्यों एवं रुकनपुर स्वच्छता कमेटी को 'कचरा प्रबन्धन' की जानकारी दी तथा कमेटी को सम्मान दिलाकर उन्हें प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारी ने संदीपन वन में वृक्षारोपण किया एवं जैविक उत्पाद प्रदर्शनी तथा ई–कार्ड प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। **जिलाधिकारी नेहा शर्मा** ने कहा कि पर्यावरण मित्र द्वारा कचरे से खाद बनाए जाने वाले कार्य पूरे जनपद में फैलने चाहिए।

दिनांक– 18 मई 2017
अध्यक्षता– श्री मंज़र–उल वासै
मुख्य अतिथि– श्रीमती नेहा शर्मा, जिलाधिकारी फिरोजाबाद
विशिष्ट अतिथि– श्री अनिल श्रीवास्तव, ईओ नगरपालिका शिकोहाबाद।
स्थान– हिन्द लैम्प्स परिसर, शिकोहाबाद।



हिन्द परिसर में जिलाधिकारी महोदया ने वृक्षारोपण किया।



'द्वार–द्वारा अभियान जागरूकता एवं प्रोत्साहन' कार्यक्रम के दौरान विचार गोष्ठी का दृश्य।



जैविक मेले पर जैविक उत्पादों की जानकारी लेतीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा।



स्वच्छता के प्रति अलख जगाने वाले समाजसेवियों का अभिनंदन हिन्द लैम्प्स परिसर में किया गया

कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने दिया स्वच्छता का संदेश

पर्यावरण मित्रों का सम्मान

खुले में शौच न जाने की शपथ दिलाई

जागरूकता कार्यक्रम में डीएम ने स्वच्छता का दिया संदेश

# स्वच्छता अभियान

## जल/भूमि प्रदूषण को कम करने के लिए किए जाने वाले कार्य

## विश्व पर्यावरण दिवस– ' पर्यावरण मित्र ' बना स्वच्छता का नगर ब्राण्ड एम्बेसडर

नगर निगम फिरोजाबाद स्वच्छ रखने के उद्देश्य से एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में नगर निगम के सभी अधिकारी उपस्थित थे। गोष्ठी में पर्यावरण मित्र ने कचरा प्रबन्धन पर ऑडियो विजुअल को प्रदर्शित कर कचरा व्यवस्थापन की जानकारी दी। नगरपालिका शिकोहाबाद ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत एक वृहद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नेहा शर्मा जिलाधिकारी फिरोजाबाद द्वारा पर्यावरण मित्र एवं कल्पतरु ट्रस्ट संस्थाओं को नगर का स्वच्छता मिशन ब्राण्ड ऐम्बैसडर बनाया और जिम्मेदारी दी कि वह 'स्रोत से ही कूडे के पृथक्करण' के सम्बन्ध में लोगों को गीला कूड़ा अलग तथा सूखा कूड़ा अलग करने की जानकारी दें। संस्था शिवा पर्यावरण के साथ 'पॉलिथिन हटाओ, पर्यावरण बचाओ' जनजागरूकता रैली निकाली गई।

दिनांक– 5 जून 2017
स्थान– नगर निगम फिरोजाबाद के साथ पालीवाल ऑडोटोरियम में संगोष्ठी एवं नगर पालिका शिकोहाबाद के साथ बी.डी.एम. डिग्री कॉलेज, शिकोहाबाद में संगोष्ठी।




नगर निगम फिरोजाबाद के साथ पालीवाल ऑडोटोरियम फिरोजाबाद में आयोजित जन जागरूकता गोष्ठी में नगर निगम के अधिकारी, समाजसेवी संगठन एवं गणमान्य

**स्वच्छ रहे हवा और पानी।**
**जीवन की है यह कहानी।।**



'ब्लू–ग्रीन' शपथ दिलातीं जिलाधिकारी।




'शिवा पर्यावरण' संस्था के साथ पॉलिथिन हटाओ जागरूकता अभियान का दृश्य।

**अगर होगी गन्दगी कम। तभी तो होगी बीमारी कम।।**

# 'पॉलिथिन एवं रसायन मुक्त बालाजी मन्दिर शिकोहाबाद।

पर्यावरण मित्र ने **बालाजी मन्दिर ट्रस्ट, कल्पतरू जीवन फाउण्डेशन, शिवा पर्यावरण और पर्यावरण मित्र** की एक मीटिंग 7 जून को हुई जिसमें बालाजी मन्दिर को पॉलीथिन एवं रसायन मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। पर्यावरण मित्र द्वारा बालाजी मन्दिर की आसपास दीवालों पर वॉलपेन्टिंग, सभी दुकानों पर पॉलिथिन निषेध सम्बन्धी पोस्टर लगाए, गीले एवं सूखे कूड़े को अलग–अलग रखने वाले हरे एवं नीले रंग के डस्टबिन मन्दिर परिसर में रखवाए, जैविक खाद पिट के निर्माण का प्रशिक्षण एवं निर्माण कराया, मन्दिर परिसर में स्थित पेड़ों की कटाई–छटाई एवं वृक्षारोपण के कार्य कराए।

5 जुलाई को आयोजित गोष्ठी में बालाजी मन्दिर के दुकानदार, मुख्यपुजारी, प्रबन्धकारिणी समिति और समाजसेवी संगठनों को प्रयोगशाला के माध्यम से गीले कूड़े से खाद बनाने की जानकारी दी। 25 जुलाई से प्रत्येक मंगलवार को कैम्प लगाकर पॉलिथीन निषेध जागरूकता एवं 29 जुलाई स्वच्छता श्रमदान में लगभग 600 लोगों ने सहयोग किया।




'पॉलिथीन एवं रसायन मुक्त' बालाजी मंदिर जन जागरूकता गोष्ठी में ब्लू–ग्रीन शपथ लेते बालजी मंन्दिर के महन्त, मंदिर के दुकानदार, समाजसेवी संगठन एवं नगर के गण्यमान्य।



बालाजी मंदिर स्थित दुकानों पर पर्यावरण मित्र द्वारा लगाए गए पॉलिथीन निषेध के बोर्ड।



बालाजी मन्दिर पर स्वच्छता की ली गयी शपथ



मंदिर को स्वच्छ रखने का निर्णय



बालाजी मन्दिर पर रखे जाने वाले ब्लू–ग्रीन डस्टबिन एवं दुकान पर लगाए जाने वाले पॉलिथिन निषेध के पोस्टरों के साथ समूह छायांकन।

## होली प्रदूषण जागरूकता अभियान

होली के अवसर पर प्रकृति एवं राष्ट्रहित में पर्यावरण मित्र द्वारा ई–कार्ड एवं पोस्टर के माध्यम से शिक्षक–शिक्षिकाओं, छात्र–छात्राओं, सामाज सेवी संगठनों एवं नगर के जन–जन तक होली में हम 'क्या करें और क्या न करें' संदेश पहुँचाने का प्रयास किया। इसी अभियान के साथ–साथ पर्यावरण मित्र ने अपनी सहयोगी संस्था शब्दम् के साथ मिलकर विचार गोष्ठी का आयोजन किया।

दिनांक– 12 मार्च 2017






स्वच्छ होली – हरी होली

**क्या ना करें?**

1. अपने घर एवं आस–पड़ोस में होली मनाते समय रासायनिक (केमिकल) रंगों का प्रयोग ना करें।
2. होली जलाने के लिए हरा वृक्ष न कांटे। पुरानी सूखी डालें, उपले इत्यादि का प्रयोग करें।
3. कहीं भी कूड़ा–करकट, गंदगी न करें।
4. जल को व्यर्थ न बहायें। यमुना और जलाशयों को रँगो से गंदा न करें।
5. किसी भी नशीले पदार्थो का सेवन न करें न करने दें।
6. अपशब्द और अश्लील वाणी, चित्रों आदि का प्रयोग कभी नहीं करें।

**क्या करें?**

1. प्रकृति प्रदत्त रंग टेसू, गुलमोहर, हल्दी, चन्दन, धनियां एवं पालक के पत्ते आदि प्राकृतिक वस्तुओं से बने रंगों का प्रयोग करें।
2. मनोरंजन के लिए अच्छे गीतों, भजन, नाटक और रंग–चुटकलों का प्रयोग करें।
3. घर में बनी हुयी मिठाई आदि व्यंजनों का ही सेवन करें।
4. समाज में प्रेम सौहार्द एवं एकता का बिगुल बजायें।

## राधा प्याऊ – जल जागरूकता अभियान

गर्मी के मौसम और रेलवे क्रासिंग पर आए दिन लगने वाले जाम की स्थित को देखते हुए पर्यावरण मित्र एवं शब्दम् संस्था ने पुलिस चौकी के पास निर्माणाधीन पुल के नीचे दो माह के लिए राधा प्याऊ लगाया। यहाँ से गुजरने वाले पुरूष, महिलाओं, बच्चे, वृद्ध सभी ने राधा प्याऊ पर आकर अपनी प्यास बुझाई। इसीके साथ पानी पीने वाले लोगों को जल बचाने के लिए भी जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि आने वाले कल के लिए जल बचाएँ। गंगा दशहरा जैसे विभिन्न अवसरों पर शिकंजी वितरण भी किया गया।

दिनांक – 25 अप्रैल 2017 25 जून 2017

स्थान– माधौगंज स्थित पुलिस चौकी के पास रेलवे क्रासिंग, शिकोहाबाद।



'राधा प्याऊ' पर अपने गले को तर करते राहगीर।




गले की प्यास बुझाते राहगीर।



तपती दोपहरी में ट्रेक्टर से पीने के लिए पानी लेती महिला।



# पर्यावरण मित्र स्थापना दिवस पर
# 'कचरा प्रबन्धन कार्यशाला एवं जैविक किसान सम्मान समारोह'

दिनांक– 24 सितम्बर 2017 – **पर्यावरण मित्र ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर जैविक परियोजना से जुड़े 50 किसानों को जैविक कृषि सम्मान से सम्मानित किया** तथा दूर दराज ग्रामीण अंचल से आए जैविक परियोजना से जुड़े किसानों एवं गण्यमान नागरिकों तथा शिक्षकों को हिन्द परिसर स्थित खाद क्षेत्र में कचरा प्रबन्धन कार्यशाला के माध्यम से कचरे से कंचन बनाने तथा जैविक खाद बनाने की विधि के बारे में जानकारी दी गई। आमंत्रित अतिथियों ने 51 पौधे रोपित किये तथा जैविक प्रदर्शनी एवं ई–कार्ड प्रदर्शनी का अवलोकन किया। **मुख्य अतिथि मा. विधायक डॉ. मुकेश वर्मा उपजिलाधिकारी संगमलाल यादव, नगर पालिका ईओ रामपाल यादव एवं पर्यावरण मित्र प्रबन्धकारिणी सदस्य डॉ. ए.के. आहूजा ने सयुक्त रूप से कहा कि जैविक कृषि सम्मान देकर उनका उत्साह बढ़ाने का कार्य बहुत सराहनीय है।** हमें भूमि में रसायन कीटनाशक का प्रयोग पूर्णतः बंद कर देना चाहिए।

दिनांक– 24 सितम्बर 2017
स्थान– हिन्द लैम्पस परिसर स्थित संस्कृति भवन, शिकोहाबाद।
मुख्य अतिथि– माननीय विधायक डॉ. मुकेश वर्मा
विशिष्ट अतिथि– उपजिलाधिकारी श्री संगमलाल यादव एवं नगरपालिका अधिशासी अधिकारी श्री रामपाल यादव



सभागार में उपस्थित अतिथियों को पॉवर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से पर्यावरण मित्र गतिविधियों की जानकारी का दृश्य।



जैविक खेती एवं कचरा प्रबन्धन पर अपने विचार प्रस्तुत करते डॉ. अजय कुमार आहूजा।




जैविक किसान सम्मान एवं कचरा प्रबन्ध कार्यशाला में उपस्थित, माननीय विधायक डॉ. मुकेश वार्मा, उपजिलाधिकारी संगमलाल यादव, नगरपालिका ईओ रामपाल यादव, पर्यावरण मित्र प्रबन्धकारिणी के सदस्य डॉ. अजयकुमार आहूजा एवं नगर के गण्यमान व्यक्ति।





जैविक परियोजना से जुड़े किसान भाईयों का सम्मान करते डॉ. ए.के. आहूजा एवं माननीय विधायक डॉ. मुकेश वर्मा



कार्यक्रम में आए अतिथियों को जैविक खाद तैयार करने की विधि की जानकारी देते कृषि–वानिकी विशेषज्ञ आयुष भूषण।

## जैविक मेले का आयोजन

उपजाऊ भूमि की क्षीण हो रही शक्ति को देखते हुए **'पर्यावरण मित्र' संस्था** जैविक उत्पाद प्रर्दशनी के माध्यम से लोगों को जैविक खेती के लिए आकर्षित करने के लिए शहर में भिन्न भिन्न स्थानों एक दिवसीय जैविक मेले का आयोजन कर रही है। जैविक उत्पाद प्रर्दशनी में जैविक अनाज, जैविक फल, जैविक बीज, जैविक सब्जियॉं, औषधीय एवं विभिन्न प्रजातियों के पौधे, जैविक खाद इत्यादि को प्रमुख रूप से प्रदर्शित किया जाता है। मेले में आने वाले लोगों को जैविक उत्पादों की विधि के बारे में भी बताया जाता है। पर्यावरण मित्र पूरे विश्व को जैविक क्रांति लाने के लिए कार्य कर रही है।



पर्यावरण मित्र द्वारा नारायण महाविद्यालय शिकोहाबाद के पास जैविक प्रोत्साहन हेतु लगाई गई जैविक उत्पाद प्रदर्शनी के दृश्य।



जैविक मेले में जैविक उत्पादों की जानकारी लेते किसान एंव छात्र।

# जैविक खेती



## जैविक खेती परियोजना से जुड़े किसान

शिकोहाबाद एवं मदनपुर विकास खण्ड के कुल 16 गाँव पर्यावरण मित्र की दो बीघा जैविक खेती परियोजना से जुड़कर जैविक खेती कर रहे हैं। सितम्बर 2017 तक इस परियोजना से कुल 103 किसान जुड़कर जैविक खेती करने लगे हैं। पर्यावरण मित्र के कृषि वानिकी विशेषज्ञ एवं ग्रामीण परियोजना के सहायक समन्वयक गांव में जाकर किसानों को जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशक बनाने के तरीकों की जानकारी देते हैं आवश्यकतानुसार जैविक बीज उपलब्ध कराते हैं। फसलों का निरीक्षण तथा फसल में आने वाले रोगों एवं व्याधियों का उपचार जैविक विधि से कराते हैं और किसानों की मृदा परीक्षण हेतु मृदा स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्यक्रम चलाकर उनकी मिट्टी के स्वास्थ्य की जाँच कराई जाती है। हिन्दलैम्प्स परिसर में जैविक खेती की जाती है जहाँ किसानों को बुलाकर प्रशिक्षण दिया जाता है।

इस वर्ष पर्यावरण मित्र की जैविक खेती के अंतर्गत मूंग 16 किलो, तिल 49.9 किलो, कच्ची हल्दी 713 किलो, धान 46 किलो, ज्वार 337 किलो, बाजरा 206 किलो, आलू 1915 किलो, अलसी 71 किलो, धनियां 97.5 किलो, गेहूं 3242 किलो एवं अरहर 671.5 किलो उत्पाद किया गया।











## गिफ्ट ट्री

संस्था द्वारा इस वर्ष गिफ्ट ट्री के अंतर्गत नीबू, आम, कटहल, अमरूद, पपीता, आँवला, फूल दार एवं औषधीय के कुल 2400 पौधे रोपित किए। उसके बदले रु. 163000 की सहयोग राशि प्राप्त हुई।

पर्यावरण मित्र
Friends of Environment




## पर्यावरण मित्र
Friends of Environment

Certified by ECOCERT India Pvt. Ltd.
ORG/SC/1109/002135

**ORGANIC FOOD PRODUCTS | Now Available. Book Your Order**

**WhatsApp Abhishek - +91 9837700137**
**Call - +91 8394894447**
**Email your suggestions at ksb@bajajelectricals.com**

| GRAINS | |
|---|---|
| Wheat whole | 40/kg |
| Wheat flour | 45/kg |
| Wheat porridge | 60/kg |
| Bajra flour | 50/kg |
| Jwar | 40/kg |
| Jwar Flour | 50/kg |
| **SPICES** | |
| Til | 30/100gm |
| Black Mustard (Rai) | 25/100gm |
| Mustard powder | 40/100gm |
| Turmeric powder | 30/100gm |
| Flax Seed | 30/100gm |
| Flax seed powder | 50/100gm |
| Coriander Seed | 30/100gm |
| Coriander Powder | 35/100gm |

| VEGETABLES/OIL | |
|---|---|
| Potato | 16/kg |
| Mustard oil | 200/Lit |
| **PICKLES** | |
| Mango & Asafoetida | |
| (Aam & hing achar) | |
| & Lemon Pickles | 300/200gm jar |
| **MANURE** | |
| Vermi compost | 100/ kg |
| Nadep compost | 100/ kg |
| **ORGANIC SEED** | |
| Wheat & Bajra | 100/kg |
| Mustard, Flax seed | |
| Garlic, Turmeric | |
| Tuar, Sesame, Palak | 20 / 20gm pkt |

www.paryavaranmitra.com



आपके सहयोग के लिए पर्यावरण मित्र संस्था आपका आभार व्यक्त करती है।

**संचित दान** – कोनार्क प्रोडक्ट, इंडिया केयर

**सामान्य दान** – युनाइटेड वे मुम्बई, डॉ मल्होत्रा, श्री गोपाल गुरूंग, श्री गुलशन सिंह, श्री विवेक शुक्ला, श्रीमती रोहणी द्विवेदी


पर्यावरण मित्र को दिया गया दान आयकर अधिनियम की धारा 80जी के अंतर्गत छूट योग्य है।

# किसान चौपाल

पर्यावरण मित्र द्वारा प्रति सप्ताह दो किसान चौपाल का अलग–अलग ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजन कराया जाता है जिसमें ग्रामीण किसानों, महिलाओं एवं बच्चों के स्थायित्व विकास पर चर्चाएँ की जाती हैं। पर्यावरण मित्र द्वारा ग्राम प्रधान के सहयोग से उनकी समस्याओं का निवारण किया जाता है, वो चाहे जैविक खेती हो या स्वच्छता हो या वृक्षारोपण या फिर ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने सम्बन्धी हो। संस्था की ग्रामीण जैविक परियोजना के तहत चलाये जा रहे अभियानों के माध्यम से ग्रामीण समितियां प्रत्येक गांव में गठित की जा रही है। मृदा स्वास्थ्य सुधार सम्बन्धी कार्यक्रम के तहत मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के तरीकों की समुचित जानकारी भी दी जा रही है और किसानों को रासायनिक खेती से मुक्त कर लाभकारी एवं स्वास्थ्यवर्धक जैविक खेती की तरफ अग्रसर किया जा रहा है।




किसान चौपाल में जैविक खाद, जैविक कीटनाशक के प्रयोग के बारे में किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ आयुष भूषण ।

## बालम खीरा (Kigelia)

प्रकृति के अनमोल खजाने शरीर को स्वस्थ रखने के साथ कान्तिमय बनाते हैं। प्रकृति की प्रत्येक वस्तु में शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की अपूर्व शक्ति हैं तथा रोगनिवारण करने के गुण विद्यमान है इसी में से एक खजाना बालम खीरा है। जो हमारे शरीर को निरोगी बनाने में चमत्कारिक औषधि का कार्य करता है। यह पेड़ उष्णकटिबंधीय अफ्रीका, दक्षिण अफ्रीका, मध्य और पश्चिम अफ्रीका में पाया जाता है यह पेड़ खीरा या सॉसेज पेड़ के रूप में जाना जाता है। इसका फल बड़े आकार का (औसत 0.6 मीटर लम्बाई और 4 किग्रा वजन) खीरे जैसा होता है इसके फल रेशेदार डंठल पर लंबे लटके होते है इसका फूल बड़ा लाल रंग और बाहर से पीले रंग का लाल फूल होता है। बालम खीरा पूरे भारत (दिल्ली, पश्चिमी बंगाल और दक्षिण भारत) में पाया जाता है। हिंदी में इसे बालम खीरा, पहाड़ी खीरा और झार फनूस के नाम से जाना जाता है।



बालम खीरा के लाभ : बालम खीरा पेड के विभिन्न भागों औषधियों के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं गुर्दे की पथरी, त्वचा रोग, पेचिश, पेरसिटिक इनफेस्टेशन, प्रसवोत्तर रक्तस्चवा, कैंसर, मधुमेह, निमोनियाँ, दाँत दर्द, गठिया, सीएनएस अवसाद कृमि प्रकोप, योन संक्रमण आदि के उपचार में प्रयोग किया जाता है।

औषधीय उपयोग : चिकित्सा में जड़, छाल, पत्ते, तना और फल का उपयोग पाचन विकार के इलाज के लिए उपयोग किया जाता है और जड़ों की छाल और पके या कच्चे फल का उपयोग एक रेचक के रूप में किया जाता है। पेड़ के विभिन्न हिस्से आंतरिक रूप से और बाहर से इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इसका उपयोग अल्सर के लिए भी किया जाता है। जड़/छाल के काढ़े का उपयोग दाँत दर्द और अल्सर के लिए बाहरी रूप से लगाया जाता है और निमोनिया के लिए कुल्ला के रूप में प्रयोग किया जाता है। अपरिपक्व (कच्चा) फल घाव पर लगाते हैं इसे यह बवासीर और गठिया रोग में भी प्रयोग करते हैं। यह मुँहासे के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। इसका पाउडर कीटाणुनाशक के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है रूट–छाल कैंसर या गर्भाशय के लिए भी लाभकारी होता है।

## कार्यक्रम – विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण मित्र टीम ने इसवर्ष निजामपुर गढ़ूमा में तम्बाकू निषेध को लेकर व्यापक अभियान चलाया। अभियान का प्रारम्भ करते हुए टीम ने 15 मई को ग्राम निजामपुर गढ़ूमा में विचार गोष्ठी आयोजित की। जिसकी अध्यक्षता गाँव के प्रमुख व्यक्ति श्री रामनरेश यादव ने की तथा इस गोष्ठी में गॉव के तीन लोग श्री सुरेन्द्र, श्री आनन्द स्वरूप, श्री दिलीप कुमार ने स्वेच्छा से तम्बाकू छोड़ने का प्रण लिया।

19 मई से निजामपुर गढ़ूमा गाँव में तम्बाकू सेवन करने वाले लोगों का सर्वे प्रारम्भ किया। सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार टीम ने कुल 198 घरों का सर्वे किया तथा कुल 1095 व्यक्तियों से सम्पर्क किया। कुल 185 लोगों ने यह स्वीकार किया कि वह तम्बाकू युक्त पदार्थों का सेवन करते हैं। इसीक्रम में 21 मई 2017 को मौनी बाबा आश्रम, निजामपुर गढ़ूमा में पर्यावरण मित्र संस्था ने एक चौपाल आयोजित की जिसमें लगभग 40 लोग उपस्थित रहे। इस चौपाल में मौनी बाबा आश्रम के महन्त श्री प्रेम गिरि महाराज के सानिध्य में श्री रिंकू यादव, श्री महेश चन्द्र, श्री श्यामेन्द्र सिंह ने तम्बाकू छोड़ने का प्रण किया। चौपाल में मिले प्रस्ताव के आधार पर गॉव में आयोजित भागवत् में 400 से 500 पुरूष एवं महिलाओं के मध्य पर्यावरण मित्र ने तम्बाकू के दुष्परिणाम एवं गाँव में चल रही तम्बाकू निषेध मुहिम के बारे में बताया।

31 मई 2017 विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर विचार गोष्ठी के अतंर्गत लगभग 125 लोगों की उपस्थित में तम्बाकू के दुष्परिणामों पर मौनी बाबा आश्रम पर चर्चा हुई।

दिनांक– 15 मई से 31 मई 2017। स्थान– निजामपुर गढ़ूमा



निजामपुर गढ़ूमा भागवत कथा में तम्बाकू निषेध के लिए आह्वान करते संस्था पदाधिकारी।



चौपाल में अपने विचार प्रस्तुत करते ग्रामीण बलबीर सिंह।

# वायु प्रदूषण को कम करने के लिए किए जाने वाले कार्य एवं जागरूकता कार्यक्रम



## त्रैमासिक वन महोत्सव कार्यक्रम

प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी पर्यावरण मित्र संस्था द्वारा त्रैमासिक कार्यक्रम बृहत स्तर पर स्कूल–कॉलेज, मन्दिर, तीर्थस्थल एवं जैविक परियोजना ग्रामों में वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। ग्यारह विद्यालयों में अलग–अलग 11 पौधे रोपित कर, वन महोत्सव का प्रारम्भ किया गया। वर्ष 2017 में पर्यावरण मित्र ने लगभग 2500 पौधे रोपित किए। हिन्द परिसर में वन एवं पुष्प पौधशाला स्थापित की गई हैं। जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधों की जैविक एवं स्वस्थ्य पौध तैयार की जाती है और प्रवर्धन से सम्बन्धित शोध कार्य भी किये जाते हैं।



पर्यावरण मित्र के वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत एन.सी.सी.कैडेट के साथ वृक्षारोपण का दृश्य।



वन महोत्सव– वृक्षारोपण के दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने पौधे रोपित करने के साथ–साथ, वृक्षारोपण की वैज्ञानिक विधि का लिया प्रशिक्षण।

## वृक्षारापेण कर पर्यावरण मित्र ने मनाया विश्व वन दिवस

विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर पर्यावरण मित्र ने वनों का पूजन कर वनों की उपयोगिता, महत्त्व विद्यार्थियों तक पहुँचाने तथा अधिक से अधिक पौधे रोपित कर नए वनों का निर्माण एवं उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया।

दिनांक– 21 मार्च 2017 । स्थान– संदीपन वन, हिन्दलैम्प्स परिसर शिकोहाबाद।



वृक्षारोपण करते गण्यमान्य लोग।




वनों के पूजन के दौरान वनों की रक्षा का संकल्प लेते लोग।

# वायु प्रदूषण को कम करने के लिए किए जाने वाले कार्यक्रम



## वन दर्शन

पर्यावरण मित्र द्वारा स्कूल–कॉलेज के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को वन दर्शन कार्यक्रम द्वारा वनो की उपयोगिता एवं उससे होने वाले लाभ एवं महत्त्व को उनके पाठयक्रमों के अनुरूप वन भ्रमण के दौरान बताया जाता है। केंचुआ और नाडेप विधि से जैविक खाद बनाने के तरीके तथा जैविक उत्पादन के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य लाभों की भी विशेष जानकारी दी जाती है। कृषिवानिकी मॉडल भी हिन्द परिसर में विकसित किय गये है, जिसके बारे में छात्रों को बताया जाता है तथा वृक्षारोपण के वैज्ञानिक तरीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन कर जानकारी दी जाती है।



वन दर्शन करते विद्यार्थी।



जैविक खाद तैयार करने की विधि को समझते विद्यार्थी।



गमले की और उसमें भरी जाने वाली मिट्टी तैयार करने की जानकारी देते विशेषज्ञ।



खाद की वैज्ञानिक प्रक्रिया के बारे में छात्रों को दी जानकारी

पर्यावरण मित्र वन दर्शन में पौधा लगाने की ली शपथ

लिया संकल्प



छात्र–छात्राओं द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों के जबाब देते विशेषज्ञ।



पौधों के निर्माण करने की विधि के बारे में जानकारी प्राप्त करते स्कूली छात्र।

# ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए किए जाने वाले कार्य एवं जागरूकता कार्यक्रम

दीपावली के अवसर पर पटाखों से होनी वाले ध्वनि प्रदूषण एवं वायु प्रदूषण के प्रति लोगों को जगह–जगह पर पोस्टर लगाकर तथा 15 हजार पेम्फ्लेट वितरण कर जागरूक करने का प्रयास किया गया। सोशल मीडिया में ई–कार्ड के माध्यम से लोगों को पटाखों से बचने के लिए संदेश दिया गया। जनपद फिरोजाबाद के विद्यालयों एवं प्रशासन में पर्यावरण मित्र ने पत्र भेजकर पटाखे न चलाने एवं उससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया।




सोशल मीडिया एवं ई–कार्ड के माध्यम से संदेश।




समाचार पत्रों के माध्यम से संदेश।

# पर्यावरण मित्र
## Friends of Environment

**Green Movement:**
- Tree Plantation/Forest Visits
- Development of small forests Green Belts
- Nursery Development Indoor/Outdoor

**Organic Farming:**
- Soil Testing
- Organic Manure and pesticides
- Organic Kitchen Garden
- Organic Agriculture
- Organic Fruit, Vegetable & Medicinal Plants

**Water Conservation:**
- Rain Water Harvesting
- Water Purification
- ETP in factories
- Revival of ponds and water bodies

**Cleanliness Drives Training:**
- To farmers and students
- Discussion & Interactions with School & College Students, Farmers and Doctors

**Awareness Programme:**
- Celebration of the important international environment days
- Wall writing
- Rallies and Seminars
- Street Plays and Drawing & Painting Contests
- Campaign against plastic, tobacco, noise pollution
- Exchange of information & Projects with other NGO's

**हरित आंदोलन:**
- वृक्षारोपण/वन दर्शन
- लघु वनों का विकास
- ग्रीन बेल्ट
- नर्सरी का विकास-घर के अंदर/बाहर

**जैविक खेती:**
- मिट्टी परीक्षण
- जैविक खाद एवं कीटनाशक
- जैविक किचन गार्डन
- जैविक कृषि
- जैविक फल, सब्जी एवं औषधि पौधे

**जल संरक्षण:**
- वर्षा जल संचयन
- जल शुद्धिकरण
- कारखानों में ईटीपी
- तालाबों और जलाशयों का पुनरुद्धार

**स्वच्छता अभियान प्रशिक्षण:**
- किसानों और विद्यार्थियों को प्रशिक्षण
- स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों, किसानों एवं डॉक्टरों से चर्चा एवं बातचीत

**जागरूकता कार्यक्रम:**
- महत्त्वपूर्ण विश्व पर्यावरण दिवस मनाना
- वाल राइटिंग
- रैलियां और गोष्ठियां
- नुक्कड़ नाटक तथा चित्रकला प्रतियोगिताएं
- प्लास्टिक, तम्बाकू, ध्वनि प्रदूषण के विरुद्ध अभियान
- अन्य गैर-सरकारी संगठनों के साथ परियोजनाएं और सूचनाओं का आदान-प्रदान

## Paryavaran Mitra Managing Committee:

| | |
|---|---|
| President | : Kiran Bajaj |
| Vice President | : Shekhar Bajaj |
| Secretary | : Mangesh Patil |
| Dy.Secretary | : S. K. Sharma |
| Treasurer | : Srikant Pandey |
| Dy.Treasurer | : Chetan Bhanushali |
| Executive Committee | : Mukul Upadhyaya, Dr. A.k. Ahuja, Dr. Rajni Yadav, Manmohan Singh, Raj Kishor Singh, Abhay Dixit, Deepak Ohri |
| Auditor | : Shikhar Sarin |

## पर्यावरण मित्र संचालक समिति:

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | : किरण बजाज |
| उपाध्यक्ष | : शेखर बजाज |
| सचिव | : मंगेश पाटील |
| उपसचिव | : एस. के. शर्मा |
| कोषाध्यक्ष | : श्रीकांत पाण्डेय |
| उपकोषाध्यक्ष | : चेतन भानुशाली |
| कार्यसमिति सदस्य | : मुकुल उपाध्याय, डॉ. ए.के. आहूजा, डॉ. रजनी यादव, मनमोहन सिंह, राजकिशोर सिंह, अभय दीक्षित, दीपक औहरी |
| लेखा परीक्षक | : शिखर सरीन |


**Contact :-**

**Mumbai:** Kailash Chaudhari
Bajaj Electricals Ltd., 45/47, Veer Nariman Road,
ombay Life Building, Mumbai - 400001
T: +91 22 61107883 M: +91 9820250723
E-Mail: choudhary.kailash@gmail.com

**Shikohabad:**
Deepak Ohri (+91 9759213018) Mohit Jadon (09358361489),
Abhishek Srivastav (08394894447)
Hind Lamps Ltd., Shikohabad, Dist : Firozabad (U.P.), 283141
E-Mail: pmhoskb@gmail.com

**सम्पर्क :**

**मुम्बई :** कैलाश चौधरी
बजाज इलैक्ट्रिकल्स लि., 45/47, वीर नरीमन रोड,
बॉम्बेलाइफ बिल्डींग, मुम्बई : 400001.
टे : +91 22 61107883 मो.: +91 9820250723
ई-मेल : choudhary.kailash@gmail.com

**शिकोहाबाद:**
दीपक औहरी (+91 9759213018) मोहित जादौंन (+91 9358361489)
अभिषेक श्रीवास्तव (+91 8394894447)
हिन्द लैम्प्स लि. शिकोहाबाद, जिला: फिरोजाबाद (उ.प्र.), 283141
ई-मेल : pmhoskb@gmail.com


**www.paryavaranmitra.org**